# हमारी
# आचार संहिता




ALSTOM
*Designing fluidity*

# हमारे मूल्य

हमारे दैनिक कारोबार के लिए एक रूपरेखा

हम तीन अनिवार्य मूल्य साझा करते हैं–टीम, भरोसा और कार्रवाई। ये मूल्य, एल्स्टॉम क कर्मचारियों के कार्यजीवन को संचालित करने वाली शक्तियां हैं।

## टीम

एल्स्टॉम का कारोबार, उन परियोजनाओं की डिलीवरी पर टिका है जिनको सफलतापूर्वक निबटाने के लिए अनुशासन और परिश्रम की आवश्यकता होती है।

टीमकार्य वह तरीका है जिसे अपनाकर हम सामूहिक और निजी उद्देश्य प्राप्त करते हैं। टीम में कार्य करने का मतलब है कि संगठन में हर स्तर पर तथा हमारे बाहरी साझेदारों स भी सहयोग करना। इसमें नेटवर्किंग भी शामिल है ताकि हम सभी उपलब्ध प्रतिस्पर्धी श्रेष्ठताओं का भरपूर लाभ उठा सकें। हमारे ग्राहकों की परियोजनाएं डिलीवर करने हेतु सामूहिक प्रेरणा के साथ कंपनी की सफलता में हर कर्मचारी की भूमिका सुनिश्चित करने के लिए, टीम भावना बनाना अनिवाय है।

## भरोसा

एल्स्टॉम अपनी गतिविधियों, प्रबंधन के अनेक ढांचों, इकाईयों, उत्पादन स्थलों और देशों के साथ एक जटिल कंपनी का रूप लिए हुए है। हमारा कारोबार सही तरह से चलाने और हमारी परियोजनाओं का दक्षता से प्रबंधन करने के लिए भरोसा बहुत अनिवार्य है।

भरोसा, पेशेवर तरीके, सत्यनिष्ठा, और जिम्मेदारी से घनिष्ठ रूप में जुड़ा हुआ है। सहकर्मियों, प्रबंधन और बाहरी साझेदारों के बीच पारस्परिक भरोसा, सशक्तिकरण तथा प्राधिकार हस्तांतरण संभव बनाता है। इस तरह से, इस जिम्मेदारी को निभाने वाला व्यक्ति, लिए जाने वाले फैसलों, उनकी कार्रवाईयों और उनके नतीजों के लिए जवाबदेह होता है। जब हम भरोसे की मानसिकता के साथ काम करते हैं, ता हम अपने पेशेवर माहौल के प्रति उदार और हमारे कार्यव्यवहारों में नैतिक और पारदर्शी बनते हैं।

## कार्रवाई

एल्स्टॉम, अपने ग्राहकों के लिए ऐसे उत्पाद और सेवाएं प्रदान करने के लिए कटिबद्ध हैं जो कीमत, गुणवत्ता और डिलीवरी समय के मामले में उनकी अपेक्षाएं पूरी करती हों। हमारे ग्राहकों के लिए हमारी प्रतिबद्धताएं पूरी करने के लिए, कार्रवाई हम सबकी प्राथमिकता है। कार्रवाई का मतलब हमारे कारोबार को उत्कृष्टता की सोच के साथ संचालित करने से है। इसके लिए ज़रूरी है कि हम अपनी समयसीमाएं पूरी करने के लिए प्राथमिकताएं तय करें और यह सुनिश्चित करें कि हमारी हर कार्रवाई बिज़नेस का मूल्य बढ़ाने वाली हो। कार्रवाई के लिए हमारे आंतरिक और बाहरी हितधारकों के प्रति सेवा की भावना, और हमारे वादे पूरे करने की सोच आवश्यक है।

# अध्यक्ष और सीईओ का संदेष
# ''हम नैतिकता और साझा मूल्यों की सुदृढ़ संस्कृति में साझेदार हैं। हम एल्स्टॉम हैं।''

एल्स्टॉम दुनिया भर में परिवहन समाधानों हेतु सबसे पसंदीदा साझेदार बनने के लिए तत्पर हैं। नैतिक आचरण के लिए हमारी प्रतिबद्धता, इस कार्यनीति के केंद्र में है। सभी लागू कानूनों तथा हमारे आंतरिक नियमों और प्रक्रियाओं का पालन करते हुए, हमारे कर्मचारियों, ग्राहकों, अंशधारकों, तथा अन्य हितधारकों के प्रति व्यवहार में सबसे ऊंचे मानक बनाए रखने का हमारा दायित्व है। यह तरीका न केवल सही काम करने स संबंधित है, बल्कि अच्छा बिज़नेस भी इसमें शामिल है–और यह हमारे मूलभूत मूल्यों–टीम, भरोसा और कार्रवाई–में निहित है जो एल्स्टॉम के कर्मचारियों के रूप में हमारे सभी प्रयासों का मार्गदर्शन करते हैं।

यह नैतिकता की संहिता, एल्स्टॉम में हमारे पूरे करियर के दौरान मार्गदर्शक की तरह काम करनी चाहिए। नए कर्मचारी के रूप में आपसे मैं आग्रह करता हूं कि हमारी नैतिकता की संहिता के सिद्धांत और नियम पढ़ें और इन्हें अपनाएं और यदि आपका कोई प्रश्न हो तो मार्गदर्शन मांगें। कंपनी के रूप में विकसित होते हुए, आइए हमारे सहकर्मियों के लिए एक मिसाल कायम करें और हमारे नैतिक कारोबारी प्रयासों म भागीदारी के अवसर खोजें, जिनमें, उदाहरण के लिए, हमारे नैतिकता और अनुपालना पथप्रदर्शक समुदाय का सदस्य बनना शामिल है।

हमारी नैतिकता की संहिता, हमारे अर्थात एल्स्टॉम टीम के बिना नहीं हो सकती। सतत सुधार और संशोधन, अनुपालन प्रक्रिया के अभिन्न अंग हैं। यदि किसी अस्वीकार्य व्यवहार को लेकर आपको संदेह हो या ऐसा होते देखा हो, तो मैं आपसे आग्रह करता हूं कि हमारी आंतरिक रिपोर्टिंग प्रणाली–एल्स्टॉम अलर्ट प्रक्रिया–का इस्तेमाल करके वह मसले नैतिकता और अनुपालना टीम की जानकारी में लाएं। हमारे नियमों का उल्लंघन करने पर उचित अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी और मैं यह सुनिश्चित करता हूं कि शिकायत उजागर करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ बदले की भावना से कोइ कार्रवाई नहीं की जाएगी।



हमारे मूल्य और हमारे नैतिक नियम, एल्स्टॉम में गर्व और एकता के आधार हैं। ये हमारी एक सबसे मूल्यवान संपत्ति हैं और हम उनसे सुदृढ़ता और मार्गदर्शन प्राप्त करते रहेंगे। हमारे सफल भविष्य के लिए यह ज़रूरी है कि हममें से हर एक व्यक्ति अपने दैनिक जीवन में नैतिकता की संहिता का पालन करे और इसे हमारी टीम में तथा बाहरी दुनिया में बढ़ावा दे।

हेनरी पोपार्ट–लाफार्ज **(Henri Poupart-Lafarge)**
अध्यक्ष तथा सीईओ





# विषय सूची


हमारे मूल्य ........ 2

अध्यक्ष तथा सीईओ का संदेष ........ 3

परिचय ........ 6

नैतिकता की संहिता लागू करने की आवश्यकता किसे है........ 6

एल्स्टॉम कर्मचारियों के रूप में आपकी जिम्मेदारियां... 7

एल्स्टॉम मैनेजरों के रूप में आपकी जिम्मेदारियां....... 7

निर्णय करते समय नैतिकता पर विचार........ 8

एल्स्टॉम सत्यनिष्ठा कार्यक्रम ........ 8

सूचना कैसे प्राप्त करें और अपने प्रश्नों के उत्तर कैसे पाएं ........ 9

चिंता की रिपोर्ट कैसे करें ........ 10

हमारे बुनियादी सिद्धांत ........ 11
कानूनों और विनियमों का पालन करें........ 11
एल्स्टॉम के सभी नियमों और नीतियों का पालन कर ........ 11
भ्र÷टाचार और रिष्वतखोरी की रोकथाम करें ........ 12
प्रतिस्पर्धा के कानूनों का पालन कर........ 13
आंतरिक नियंत्रण तथा सूचना के प्रकटीकरण में भूमिका निभाएं...... 14

हमारे अनिवार्य नियम........ 15
हमारे कारोबारी साझेदारों के साथ कारोबारी भरोसा बनाएं........ 15
ग्राहक........ 15
आपूर्तिकर्ता (सप्लायर) और ठेकेदार........ 15
सेल्स पार्टनर........ 16
सरकारी प्राप्तियां........ 16
निर्यात नियंत्रण और व्यापार प्रतिबंध........ 16
एंटी–मनी लांड्रिंग........ 17
हितों के संघ÷र्ा........ 17
उपहार और आतिथ्य........ 18

हमारे परिवेष में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका धारण करें ........ 19
पर्यावरण का संरक्षण ........ 19
सामुदायिक संबंध ........ 19
राजनैतिक योगदान और गतिविधियां ........ 20
धर्मार्थ योगदान ........ 20
प्रायोजन ........ 20

टीम भावना मज़बूत बनाएं ........ 21
मानवाधिकारों का सम्मान करें........ 21
कर्मचारियों से संबंध ........ 21
कर्मचारियों के लिए करियर प्रबंधन ........ 21
समान अवसर और विविधता........ 22
स्वास्थ्य और सुरक्षा........ 22
कर्मचारियों की सुरक्षा ........ 23
डेटा गोपनीयता........ 23

एल्स्टॉम की संपत्तियों की सुरक्षा करें ........ 24
संचार के साधन ........ 24
गोपनीय जानकारी की सुरक्षा........ 25
बौद्धिक संपदा........ 25
भेदिया व्यापार ........ 26
विष्ले÷ाकों तथा/या निवेषकों से बातचीत ........ 26
मीडिया से बातचीत ........ 27
सोषल नेटवर्कों का उपयोग........ 27

# परिचय

एक बहुराष्ट्रीय कंपनी के रूप में, एल्स्टॉम उन देशों के सभी कानूनों और विनियमों का पालन करता है जहां यह कार्य करता है। इन कानूनों और विनियमों का पालन न करने पर एल्स्टॉम, तथा संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ सिविल और आपराधिक अभियोग चलाए जा सकते हैं।

एल्स्टॉम ने बहुत ऊंचे मानक स्थापित करके कड़े नियम लागू करने का निश्चय किया है। एल्स्टॉम, नियमों स कोई विचलन सहन नहीं करता। नैतिकता की संहिता में हमारे मूल्यों की रूपरेखा दी गई है और हमारे बिज़नेस वाले हर क्षेत्र में कानूनी व नैतिक आचरण के लिए हमारी प्रतिबद्धता बताई गई है। नैतिकता की संहिता में कुछ मुद्दों को मार्गदर्शन सहित हल किया गया है। हालांकि इस नैतिकता की संहिता में हर विषय को कवर नहीं किया गया है; उन मसलों के बारे में सोचने में आपकी मदद के लिए इसे उच्चस्तर पर डिज़ाइन किया गया है जिनका आप अपने दैनिक जीवन में सामना कर सकते हैं। जब और जहां उपयुक्त हो, आप एल्स्टॉम से अधिक विस्तृत निर्देश प्राप्त करें।

यह नैतिकता की संहिता, सभी कर्मचारियों पर एल्स्टॉम से संबंधित कर्तव्य पूरे करते समय लागू है जिनमें एल्स्टॉम में मैनेजर और अधिकारी, तथा बोर्ड के निदेशक सदस्य शामिल हैं। यहां से आगे जहां 'कर्मचारी' कहा गया है वहां उसके अर्थ में कर्मचारी, मैनेजर, अधिकारी और निदेशक सभी शामिल हैं। सभी कर्मचारियों को समय निकालकर नैतिकता की संहिता से परिचित हो जाना चाहिए।

नैतिकता की संहिता का पालन करने से एल्स्टॉम व आपके संरक्षण में मदद मिलेगी। यह न केवल व्यक्तियों पर बल्कि हर उस ढांचे पर लागू है जिसमें एल्स्टॉम का हिस्सा हो या भागीदारी हो, इसमें सहायक कंपनियां, सम्बद्ध कंपनियां, संयुक्त उपक्रम और परिसंघ शामिल हैं।

किसी नैतिक मसले के सामने आने पर, सहायता लेने के लिए आपको सदैव सबसे उचित व्यक्ति से संपर्क करना चाहिए जिसमें अन्य के अलावा नैतिकता व अनुपालन विभाग के सदस्य भी शामिल हैं। कुछ स्थितियां नाजुक और कठिन हो सकती हैं, और एक से अधिक सही समाधान प्रतीत हो सकता है, ऐसे में आपको नैतिकता की संहिता का सहारा लेना चाहिए। नैतिकता की संहिता, तथा इससे संबंधित एल्स्टॉम के निर्देश नियमित रूप से अद्यतन (अपडेट) किए जाते हैं। हर नई जानकारी से आप खुद को परिचित रखें, यदि आपका कोई प्रश्न हो तो पूछें और लागू नियमों के सबसे नए संस्करण को अपनाएं।

# नैतिकता की संहिता लागू करने की आवष्यकता किसे है

- एल्स्टॉम के समस्त कर्मचारी;
- एक या अधिक साझेदारों द्वारा बनाई गई तथा एल्स्टॉम द्वारा नियंत्रित कोई संस्था। संस्थाओं की सूची में अन्य के अलावाः सहायक कंपनियां, नियंत्रित सम्बद्ध कंपनियां, नियंत्रित संयुक्त उपक्रम शामिल हैं;
- कोई अन्य संस्था जो एल्स्टॉम द्वारा नियंत्रित नहीं हो, जिसमें अन्य के अलावा अनियंत्रित संयुक्त उपक्रम व संघ शामिल हैं, उनके सदस्यों से नैतिकता की संहिता में दिए नियमों का पालन करने की अपेक्षा की जाती है। यदि ऐसी संस्था उन नैतिक नियमों व अनुपालन प्रक्रियाओं का पालन करने में विफल रहती है तो एल्स्टॉम के कर्मचारियों को उचित कार्रवाई करनी होगी, जैसे कि अपने डायरेक्ट मैनेजर को सूचित करना, सुधार कार्रवाई करना, तथा दंड आरोपित करना।

# एल्स्टॉम कर्मचारियों के रूप में आपकी जिम्मेदारियां

एल्स्टॉम कर्मचारियों के रूप में, आपको नैतिक तथा अनुशासित आचरण का उदाहरण पेश करना होगा। यह महत्त्वपूर्ण है कि आप:

- मसलों के बारे में, तथा नैतिकता की संहिता में उससे संबंधित सुझाए मार्गदर्शन के बारे में बुनियादी समझ हासिल करें;
- नैतिकता की संहिता में किए जाने वाले किन्हीं नए बदलावों से अवगत रहें, क्योंकि आपसे इस दस्तावेज़ क सबसे नवीनतम संस्करण का पालन करना अपेक्षित है;
- अपनी नौकरी (जॉब) से संबंधित एल्स्टॉम के निर्देश व प्रक्रियाएं भलीभांति समझ लें और नियमित जांचते रहें कि आपकी जानकारी पूरी और अपडेट है;
- एल्स्टॉम सत्यनिष्ठा कार्यक्रम (नैतिकता की संहिता या एल्स्टॉम निर्देश सहित) के बारे में यदि आपका कोइ प्रश्न हो तो अपने प्रबंधक या किसी अन्य व्यक्ति जैसे कि कानूनी, आंतरिक नियंत्रण, आंतरिक लेखापरीक्षण, नैतिकता एवं अनुपालना, नैतिकता एवं अनुपालना एम्बेसेडर्स या एचआर प्रतिनिधि (यों) से संपर्क करें;
- जानें कि आपके देश में लागू कानूनों और विनियमों के अनुसार, किसी चिंता की रिपोर्ट करने के लिए आपका एल्स्टॉम अलर्ट प्रक्रिया या किसी अन्य माध्यम का उपयोग कैसे करना है।

नैतिकता की संहिता का पालन न करने पर न केवल एल्स्टॉम बल्कि उसके कर्मचारी के रूप में आपको भी अभियोजित किया जा सकता है।

# एल्स्टॉम मैनेजरों के रूप में आपकी जिम्मेदारियां

नैतिक और अनुशासित आचरण की शुरूआत ऊपर से होती है। एल्स्टॉम मैनेजरों के रूप में, आपकी जिम्मेदारियां कर्मचारियों से कहीं बढ़कर हैं। आपको नैतिक आचरण के ऊंचे मानक स्थापित करने होते हैं और अपनी प्रतिबद्धताएं पूरी करनी होती हैं। आपकी निम्न भूमिका है:

बढ़ावा देना:

- मसलों के बारे में, तथा नैतिकता की संहिता में उससे संबंधित सुझाए मार्गदर्शन के बारे में बुनियादी समझ हासिल करें;
- नैतिकता की संहिता, एल्स्टॉम के संबंधित निर्देशों, तथा लागू कानूनों और विनियमों की जानकारी हासिल करें, जो कर्मचारियों पर, तथा जहां उपयुक्त हों, एल्स्टॉम के साथ बिज़नेस करने वालों पर तथा एल्स्टॉम का प्रतिनिधित्व करने वालों पर लागू होते हों;
- सुनिश्चित करें कि आपकी टीम को नैतिकता की संहिता, तथा एल्स्टॉम की संबंधित नीतियों के बारे में प्रशिक्षण प्राप्त है;
- अपने बिज़नेस में अनुपालन संबंधी जोखिमों को पहचानें और पहले से ही उन्हें कम करें।
- सुनिश्चित करें कि आपके विशेष जोखिम क्षेत्रों के समाधान के लिए ढाली गई प्रक्रियाएं, आपके संगठन में हर किसी को बताई गई हैं, जो भलीभांति समझ ली गई हैं और लागू की गई हैं;

पता लगाना तथा प्रतिक्रिया करनाः:

- अपने देश में लागू कानूनों और विनियमों के अनुरूप, अपनी टीम में एल्स्टॉम अलर्ट प्रक्रिया को बढ़ावा दें;
- आपकी जानकारी में लाया गया कोई मसला बिना देर किए संबंधित व्यक्ति अर्थात प्रबंधन, कानूनी, आंतरिक नियंत्रण, आंतरिक लेखापरीक्षण, नैतिकता एवं अनुपालना, नैतिकता एवं अनुपालना एम्बेसेडर्स या एचआर प्रतिनिधि (यों) की जानकारी में लाएं;
- कोई मसले हल करने के लिए, संबंधित सक्षम व्यक्तियों के सहयोग से तय करके सुधार की कार्रवाई करें;

नैतिकता की संहिता का पालन न करने पर न केवल एल्स्टॉम बल्कि उसके मैनेजर के रूप में आपको भी अभियोजित किया जा सकता है।

# निर्णय करते समय नैतिकता पर विचार

- एल्स्टॉम के नियमों और एल्स्टॉम के निर्देशों का कड़ाई से पालन करें;
- अपनी सहज बुद्धि का प्रयोग करें;
- एल्स्टॉम को किसी गैरकानूनी या नैतिक रूप से संदिग्ध स्थिति में न डालें;
- अनुचित आचरण की झलक दिखाने से भी बचाव करें;
- किसी ऐसी परिस्थिति में लिप्त न हों जो हित संघर्ष का, या संभावित हित संघर्ष का कारण बन सकती हो, उदा. आपके निजी हितों और आपके पेशेवर कर्तव्यों के बीच संघर्ष;
- ऐसा फैसला मत करें जिसके बारे में आपको अपने सहकर्मियों, अपने परिवार और अपने रिश्तेदारों का बताने में असहजता महसूस हो;
- ऐसा फैसला मत करें जो एल्स्टॉम की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा सकता हो।

# एल्स्टॉम सत्यनिष्ठा कार्यक्रम

सत्यनिष्ठा कार्यक्रम को एल्स्टॉम में मुख्य अनुपालना अधिकारी की जिम्मेदारी के तहत लागू किया गया ह और निगरानी की जाती है। यह नैतिकता और अनुपालना के क्षेत्र में सर्वोत्तम विधियों के आधार पर विकसित किया गया है और कर्मचारी के तौर पर उचित कार्य करने में आपकी मदद हेतु इसे नियमित अपडेट किया जाता है।

नैतिकता और अनुपालन निर्देश, नैतिकता एवं अनुपालना विभाग द्वारा नियम और प्रक्रियाओं के साथ जारी किए जाते हैं तथा एल्स्टॉम में सर्वाधिक संभव वितरण सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण आमने–सामने या ई–लर्निंग के माध्यम से लिया जा सकता है।



# सूचना कैसे प्राप्त करें और अपने प्रश्नों के उत्तर कैसे पाएं

एल्स्टॉम में साथी प्रतिबद्धता को बढ़ावा दिया जाता है जिसमें कर्मचारियों द्वारा सही कार्य करने के लिए परस्पर सहयोग दिया जाता है। कर्मचारी के रूप में, यदि आप मार्गदर्शन चाहते हों तो आप निम्न से अपने मसले पर चर्चा करके ऐसा कर सकते हैं:

- आपका प्रबंधन;
- आपका मानव संसाधन या कानूनी संपर्क;
- नैतिकता एवं अनुपालना विभाग का सदस्य;
- नैतिकता एवं अनुपालना एम्बेसेडर;
- आंतरिक नियंत्रण या आंतरिक लेखापरीक्षण विभाग।

कर्मचारी निम्न इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं:

- एल्स्टॉम इंट्रानेट पर नैतिकता एवं अनुपालना अनुभाग।
- एल्स्टॉम मैनेजमेन्ट सिस्टम (एएमएस) के बारे में निर्देश।
- एल्स्टॉम इंटरनेट वेबसाइटरू http://www.alstom.com/integrity/

निर्देशों की अनुपालना अवश्य की जानी चाहिए। एल्स्टॉम में नई प्रगति के अनुरूप इनको नियमित रूप से अपडेट किया जाता है और निम्न विषय कवर किए जाते हैं: नैतिकता एवं अनुपालना, वित्त, कानूनी, मानव संसाधन, सोर्सिंग और ऑपरेशंस, पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, संचार और सूचना प्रणालियां और प्रौद्योगिकी। हमारे कारोबार तथा प्रचालन प्रक्रियाओं के आधार पर अतिरिक्त नीतियां और मार्गदर्शन एएमएस पर उपलब्ध हैं।

# चिंता की रिपोर्ट कैसे करें

कोई कर्मचारी, कोई व्यक्ति या तीसरी पार्टी, अपने निवास या कार्य वाले देश में लागू कानूनों तथा विनियमों के अनुरूप एल्स्टॉम अलर्ट प्रक्रिया का उपयोग कर सकते हैं यदि उनके पास नैतिकता की संहिता या एल्स्टॉम के नियमों और नीतियों का उल्लंघन होने के संदेह का कारण हो।

अलर्ट प्रक्रिया, कर्मचारियों को संभावित उल्लंघनों की रिपोर्ट करने के लिए एक वैकल्पिक तरीका उपलब्ध कराती है यदि डायरेक्ट मैनेजर को सूचित करने से कठिनाईयां उत्पन्न हो सकती हों, या यदि ऐसा माना गया हो कि रिपोर्ट किए जाने पर अनियमितता की समुचित पड़ताल नहीं की जाएगी। रिपोर्ट करने का इच्छुक व्यक्ति, रिपोर्ट करने के लिए निम्न विकल्पों में से चुन सकता है:

निम्न में से किसी से संपर्क करके:

– SVP/VP रीजन

– रीजन VP कानूनी और अनुपालना

– जनरल काउंसिल
इमानुले पिदोविक (Emmanuelle Petrovic)
48, rue Albert-Dhalenne 93400 Saint-Ouen, France
emmanuelle.petrovic@alstomgroup.com +33 1 57 06 19 08

– मुख्य अनुपालना अधिकारी
इंगे डी वेन्हर (Inge De Venter)
48, rue Albert-Dhalenne 93400 Saint-Ouen, France
inge.de-venter@alstomgroup.com +33 1 57 06 19 42

संचार की दो नई विधियों का उपयोग करके, जो रोज़ाना 24 घंटे, हफ्ते में 7 दिन, साल में 365 दिन उपलब्ध हैं।

दृ सुरक्षित वेबसाइटरू www.alstom.ethicspoint.com

दृ टोल–फ्री हॉटलाइन ;डायल–इन नम्बर सुरक्षित वेबसाइट पर उपलब्ध हैंद्ध

संबंधित कर्मचारी की गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए हर उपाय किया जाएगा। एल्स्टॉम इस बात को लेकर प्रतिबद्ध है कि किसी भी कर्मचारी द्वारा सद्भावपूर्वक अलर्ट प्रक्रिया का उपयोग किए जाने या सूचना प्रकट किए जाने के परिणामस्वरूप उसके खिलाफ किसी भी प्रकार की बदले की कार्रवाई नहीं की जाएगी जैसे कि पद में परिवर्तन, उत्पीड़न, या अन्य प्रकार से उत्पीड़न।

# हमारे बुनियादी सिद्धांत

## कानूनों और विनियमों का पालन करें

सत्यनिष्ठा हेतु एल्स्टॉम की प्रतिष्ठा, कानूनों, विनियमों तथा ऐसी अन्य अपेक्षाओं का पालन किए जाने पर आधारित है जो इसकी उपस्थिति वाले सभी देशों में कारोबार करने पर लागू होती हैं। अपनी जॉब से संबंधित कानूनों, विनियमों तथा अपेक्षाओं को समझना, एल्स्टॉम के कर्मचारियों की निजी जिम्मेदारी है। इन कानूनों व विनियमों का किसी भांति उल्लंघन किए जाने पर सिविल और आपराधिक अभियोजन हो सकता है। एल्स्टॉम को गैरकानूनी गतिविधियों में लिप्त करने वाली गतिविधियां प्रतिबंधित हैं।

एल्स्टॉम एक बहुराष्ट्रीय कंपनी है जो दुनिया भर में प्रचालन करती है। हमारे उच्च नैतिक लक्ष्य सुनिश्चित करने के लिए, हमारे द्वारा कुछ निश्चित मानकों का पालन करना अपेक्षित है जो लागू राष्ट्रीय कानूनों तथा विनियमों द्वारा अपेक्षित मानकों से बढ़कर होते हैं। अन्य के अलावा, एल्स्टॉम मानवाधिकारों तथा श्रम, स्वास्थ्य और सुरक्षा मानकों, पर्यावरण संरक्षण, भ्रष्टाचार की रोकथाम, उचित प्रतिस्पर्धा, कराधान, तथा वित्तीय सूचनाओं का सही प्रेषण आदि पर लागू कानूनों का अक्षरशः पालन करने के लिए कटिबद्ध हैं। हम ओईसीडी, संयुक्त राष्ट्र सार्वभौमिक मानवाधिकार घोषणा, वैश्विक प्रभाव सिद्धांतों, तथा अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्य परिसंघ (ष्ब्ब) के मार्गदर्शक सिद्धांतों का अनुसरण करते हैं।

## एल्स्टॉम के सभी नियमों और नीतियों का पालन कर

हमारे कारोबार पर लागू कानूनों और विनियमों के अलावा, एल्स्टॉम ने आंतरिक नियम, निर्देश, मार्गदर्शन तथा नीतियां ('एल्स्टॉम के नियम') भी लागू किए हुए हैं जो एल्स्टॉम के कर्मचारियों की दैनिक गतिविधियों पर लागू होते हैं। एल्स्टॉम के समस्त कर्मचारी, एल्स्टॉम के नियमों की सदैव अवश्य अनुपालना करेंगे। एल्स्टॉम के किसी नियम का उल्लंघन या अवहेलना करने पर अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।



## भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी की रोकथाम करें

एल्स्टॉम ने सभी गैरकानूनी भुगतानों तथा तरीकों पर रोक की नीति अपनाई हुई है। एल्स्टॉम अपने सभी कारोबारी सौदों में भ्रष्टाचार और रिश्वत का निषेध करते हैं और ओईसीडी रिश्वत–विरोधी संधिपत्र, फ्रांसीसी आपराधिक कानून, अमेरिकी विदेशी भ्रष्ट प्रविधियां अधिनियम (एफसीपीए), यूके रिश्वत अधिनियम 2010, तथा अपनी उपस्थिति वाले सभी देशों में सभी लागू कानूनों और विनियमों की अपेक्षाओं का पालन करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। एल्स्टॉम, अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्यिक परिसंघ (प्ब्ब्) के स्वैच्छिक मानकों तथा ''अमेरिकी विदेशी भ्रष्ट प्रविधियां अधिनियम की संसाधन पुस्तिका'' के दिशानिर्देशों का भी पालन करता है। सभी देशों में मौजूद भ्रष्टाचार–विरोधी कानून, आमतौर से रिश्वत व अन्य भ्रष्ट तौर–तरीकों के विविध रूपों की रोकथाम के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। इनमें से किसी कानून का उल्लंघन एक गंभीर अपराध है जिसके परिणामस्वरूप कंपनियों पर भारी जुर्माना लग सकता है और लिप्त व्यक्तियों को जेल भेजा जा सकता है।

इनमें से किसी कानून का उल्लंघन प्रतीत होने पर भी एल्स्टॉम की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच सकता है और कर्मचारियों के लिए जोखिम बन सकता है। विशेष रूप से, एल्स्टॉम की कंपनियों, कर्मचारियों, अधिकारियों और निदेशकों के लिए किसी व्यक्ति से अनुचित तरीके से कारोबार प्राप्त करने या बनाए रखने, ऐसा निर्णय या सुविधा या उपकार पाने के इरादों से, जिनसे विनियमो ंका उल्लंघन होता हो, कोई आर्थिक फायदा या कोई अन्य प्रकार का फायदा प्रस्तावित करने, वादा करने या प्रदान करने का निषेध है। न ही वे इस उद्देश्य से किए गए किसी आग्रह का जवाब दे सकते हैं। यह तब भी लागू होता है जब चाहे अनुचित फायदा सीधे या परोक्ष रूप से किया गया हो, जिसमें किसी तीसरी पार्टी जैसे कि सेल्स पार्टनर, आपूर्तिकर्ता, ठेकेदार, संयुक्त उपक्रम या कंसोर्टियम के साझेदार द्वारा सहायता का अनुरोध किया जाना भी शामिल है।

इसके अलावा, एल्स्टॉम की कंपनियों, कर्मचारियों, अधिकारियों और निदेशकों के लिए किसी तीसरी पार्टी क पक्ष में लिए गए किसी निर्णय के बदले आर्थिक फायदे या किसी अन्य फायदे वाली कोई घूस प्राप्त करने का निषेध है।

उक्त निषेधों के प्रयोजन से, ''व्यक्तियों'' से आशय कोई लोक प्राधिकारी, राजनैतिक दल, कर्मचारी या सार्वजनिक या निजी क्षेत्र में किसी ग्राहक का कोई प्रतिनिधि या किसी कर्जदाता एजेंसी या बैंक का कर्मचारी या प्रतिनिधि से है। लोक प्राधिकारियों में अन्य के अलावा, सार्वजनिक या सरकारी अधिकारी, एजेंट, कर्मचारी, या प्रतिनिधि, कोई राजनैतिक दल या राजनैतिक दल के कार्मिक, एजेंट, कर्मचारी या प्रतिनिधि, सार्वजनिक या राजनैतिक दल के पद के उम्मीदवार, लोक विधायिकाओं के सदस्य, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के अधिकारी और कर्मचारी, अंतर्राष्ट्रीय न्यायालयों के न्यायाधीश या कार्मिक, तथा सरकार द्वारा नियंत्रित प्रशासनों तथा राज्य अधिकृत कंपनियों के कर्मचारी शामिल हैं।

अनिवार्य प्रशासनिक प्रक्रियाएं, तथा औपचारिकताएं सुगम बनाने के लिए सुविधाशुल्कों के भुगतान समुचित कानूनी माध्यमों से किए जाते हैं। ऐसे भुगतान नगण्य भ्रष्टाचार होते हैं और यद्यपि कुछ देशों में इन्हें सहन किया जाता है, लेकिन अनेक देशों में ये गैरकानूनी हैं। कोई असमंजस दूर करने के लिए एल्स्टॉम ऐसी किन्हीं विधियों का निषेध करता है।

एल्स्टॉम में ऐसे किसी कर्मचारी को दंडित नहीं किया जाएगा जिसने किसी प्रकार के भ्रष्टाचार व रिश्वत को मना करते हुए एल्स्टॉम के नियमों का पालन किया हो, चाहे उस फैसले से कारोबारी घाटा हुआ हो या अन्य कोई व्यापारिक नुकसान हुए हों।

LGL-WMS-010 – उपहार एवं आतिथ्य
LGL-WMS-011 – राजनैतिक योगदाने
LGL-WMS-012 – धर्मार्थ योगदाने
LGL-WMS-013 – प्रायोजन
LGL-WMS-014 – परामर्शदाता कंपनियां
LGL-WMS-015 – हित संघर्षों का प्रबंधन
LGL-WMS-016 – आपूर्तिकर्ताओं और ठेकेदारों से भ्रष्टाचार की रोकथामे
LGL-WMS-017 – संयुक्त उपक्रमों और कंसोर्टियम में भ्रष्टाचार की रोकथाम
LGL-WMS-018 – सुविधाशुल्कों के भुगतान
LGL-WMS-020 – सेल्स पार्टनर

## प्रतिस्पर्धा के कानूनों का पालन करें

प्रतिस्पर्धा, बाज़ार अर्थव्यवस्था की एक अनिवार्य शर्त है। प्रतिस्पर्धा के नियम, जो अमेरिका में न्यास–विरोधी कानून भी कहलाते हैं, यह सुनिश्चित करते हैं कि बाज़ार में कंपनियां निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा करें। मुक्त प्रतिस्पर्धी बाज़ारक्षेत्रों में प्रचालन करना तथा सभी संबंधित प्रतिस्पर्धा कानूनों का पालन करना एल्स्टॉम के हित में है। प्रतिस्पर्धा कानूनों का उल्लंघन करने पर एल्स्टॉम की कंपनियों पर भारी जुर्माने लगाए जा सकते हैं और व्यक्तियों पर सिविल, श्रम या आपराधिक अभियोजन चलाए जा सकते हैं जिसके तहत किसी संभावित उल्लंघन के कारण जेल भी हो सकती है। इसके अलावा, तीसरी पार्टियां, प्रतिस्पर्धा कानून के उल्लंघन का आरोप लगाकर एल्स्टॉम से क्षतिपूर्ति की मांग भी कर सकती हैं। प्रतिस्पर्धा कानूनों की कड़ी अनुपालना के स्पष्ट व परोक्ष लाभ हैंः यह नवप्रवर्तन, उच्चकोटि के उत्पादों के निर्माण तथा ग्राहकों के संरक्षण को बढ़ावा देती तथा प्रोत्साहित करती है और सत्यनिष्ठा हेतु एल्स्टॉम की प्रतिष्ठा मजबूत बनाती है। एल्स्टॉम के कर्मचारी, प्रतिस्पर्धियों के साथ किसी ऐसे समझौते में भागीदारी हरगिज नहीं करेंगे जो कीमतें निर्धारित करने, किसी नीलामी प्रक्रिया को विरूपित करने, बाज़ारों या ग्राहकों की साझेदारी करने, उत्पादन सीमित करने या किसी ग्राहक या सप्लायर का बहिष्कार करने के उद्देश्य से किया गया हो या उसका वैसा परिण ााम हो। एल्स्टॉम के कर्मचारी, प्रतिस्पर्धा कानूनों का उल्लंघन करते हुए प्रतिस्पर्धियों से किसी व्यापारिक संवेदनशील जानकारी की साझेदारी हरगिज नहीं करेंगे और व्यापारिक संघों में भाग लेते समय विशेष रूप से सावधानी अवश्य बरतेंगे। किसी बाज़ार में एल्स्टॉम की प्रभुत्व वाली स्थिति होने पर विशेष जिम्मेदारी का पालन करना होगा, जैसा कि प्रतिस्पर्धा या न्यासविरोधी नियमों से अनुपालना हेतु एल्स्टॉम के निर्देश (LGLWMS- 007) में बताया गया है।

क्योंकि नियम, एक से अन्य देश में भिन्न होते हैं, इसलिए ज़रूरत होने पर स्पष्टीकरण के लिए कर्मचारियों को अपने कानूनी विभाग से संपर्क करना चाहिए।

LGL-WMS-007 – त्मेचमबज कन कतवपज कम सं बवदबनततमदबम मज कमे सवपे ंदजपजतनेज



## आंतरिक नियंत्रण तथा सूचना के प्रकटीकरण में अपनी भूमिका निभाएं

आंतरिक नियंत्रण के ढांचे में एल्स्टॉम के प्रत्येक कर्मचारी की महत्त्वपूर्ण भूमिका है।

आंतरिक नियंत्रण ढांचा, निदेशकों के बोर्ड, प्रबंधन, अन्य कर्मचारियों तथा किन्हीं हितधारकों को नियंत्रण परिवेश की तर्कसंगत आश्वस्ति प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है जिसके साथ यह सुनिश्चित किया जाता है कि प्रक्रियाओं के द्वारा वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता, एल्स्टॉम के निर्देशों तथा लागू कानूनों, विनियमों और अपेक्षाओं की अनुपालना के साथ प्रचालन को प्रभावी और दक्ष बनाया जाए।

एल्स्टॉम की नीतियों के अनुपालन में आंतरिक नियंत्रण सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी प्रबंधन की है। वित्तीय रिपोर्टिंग अनुपालना, कई नियंत्रणों द्वारा सुनिश्चित की जाती है जिनमेंएल्स्टॉम निर्देशों में वर्णित लेखाकरण सिद्ध ांतों, नीतियों, नियमों और प्रक्रियाओं, रिपोर्टिंग और लेखाकरण पुस्तिका, आंतरिक नियंत्रण पुस्तिका, वार्षिक आंतरिक नियंत्रण प्रश्नावली तथा निदेशकों की जांचसूचियों का प्रयोग शामिल है। लागू वित्तीय मानकों, जैसे कि सामान्य स्वीकृत लेखाकरण सिद्धांतों के अनुपालन में हमारे प्रचालन कानूनी, ईमानदारी, तथा दक्षता के साथ चलाने के लिए हमारी वित्तीय और कारोबारी सूचनाओं की सत्यनिष्ठा अनिवार्य है।

एल्स्टॉम के कर्मचारी, लागू विनियमों तथा एल्स्टॉम की रिकॉर्ड रखरखाव नीति तथा डेटा गोपनीयता नियमों के अनुसार ही समस्त रूपों में दस्तावेज़ों, पुस्तकों तथा अभिलेखों को प्रबंधित, भंडारित, आर्काइव और नष्ट करेंगे। प्रबंधकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि रिपोर्टिंग सिस्टम में रिकॉर्ड किया गया डेटा, प्रकाशित की जाने वाली सूचना, अवधि के परिणामों, तथा अवधि के अंत में वित्तीय स्थिति के पूर्णतया अनुरूप हो।

एल्स्टॉम में प्रत्येक स्तर पर कर्मचारी यह अवश्य सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी रिकॉर्ड, रिपोर्ट या सूचना जिसका वे उपयोग करते या जिससे प्रबंधन को अवगत कराते हों वह एल्स्टॉम को रिपोर्टों, दस्तावेज़ों, तथा अन्य सार्वजनिक प्रकाशनों में पूर्ण, निष्पक्ष, सटीक और समयबद्ध प्रकटीकरण हेतु सक्षम बनाती हो।

किसी भी रूप में ये दस्तावेज़, जिनमें अन्य के अलावा वित्तीय रिपोर्टें तथा पूर्वानुमान, अनुसंधान रिपोर्टें, मार्केटिंग जानकारी, बिक्री रिपोर्टें, कर रिटर्न, व्यय खाते, टाइम शीटें, पर्यावरणीय तथा सामाजिक जानकारी व दूसरे दस्तावेज़ शामिल हैं तथा सरकारी या नियामकीय प्राधिकारियों के समक्ष दाखिल किए गए दस्तावेज़ भी शामिल हैं।

किसी भी हालत में किसी वित्तीय या कारोबारी रिकॉर्ड में कोई हेराफेरी नहीं की जाएगी। जालसाजी, या चोरी, गबन, छिपाव या झूठ का कृत्य या इरादा अनैतिक होने के साथ–साथ लगभग सभी मामलों में, आपराधिक भी होता है। जालसाजी में अन्य के अलावा, गलत व्यय रिपोर्टें दाखिल करना, चैकों में हेराफेरी या बदलाव करना, कंपनी की संपत्तियों का अनुचित उपयोग या दुरूपयोग करना, अनधिकृत रूप से लेन–देंन करना, बड़े नकद भुगतान करना, विविध नकदी का दुरूपयोग करना या रिकॉर्ड या वित्तीय विवरणों में ऐसी प्रविष्टि करना शामिल है जो उचित लेखाकरण मानकों के अनुरूप न हो।

FIN-WMS-055 – लेखाकरण के सिद्धांत और रिपोर्टिंग
FIN-WMS-057 – व्यय अनुमोदन और प्रबंधन
LGL-PRO-002 – जालसाजी तथा चोरी की रिपोर्टिंग और जांच
LGL-WMS-005 – मूल दस्तावेज़ों का रखरखाव
रिपोर्टिंग और लेखाकरण पुस्तिका
आंतरिक नियंत्रण पुस्तिका

# हमारे अनिवार्य नियम

## हमारे कारोबारी साझेदारों (बिज़नेस पार्टनरों) के साथ कारोबारी भरोसा बनाए

### ग्राहक

एल्स्टॉम अपने सभी ग्राहकों से ईमानदारी और निष्पक्षता का ही व्यवहार करेगा, उनके बिज़नेस का आकार चाहे जो भी हो। हम ग्राहकों को ऐसे उच्चकोटि के उत्पाद और सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो उनकी ज़रूरतें पूरी करते हों।

एल्स्टॉम अपने उत्पादों और सेवाओं के बारे में अपने विज्ञापनों, सार्वजनिक वक्तव्यों, तथा ग्राहकों के लिए ऑफरों में पूरी जानकारी प्रदान करता है। यदि आप ठेकों के लिए बातचीत कर रहे हों तो आपको यह अवश्य सुनिश्चित करना होगा कि ग्राहकों के लिए कोई भी वक्तव्य, संवाद तथा प्रस्तुतिकरण सही और सत्य ही हो।
एल्स्टॉम कर्मचारियों के रूप में, आपको ग्राहकों की संवेदनशील तथा निजी जानकारी गोपनीय रखनी होगी। किसी परियोजना या ठेके से संबंधित जानकारी आपको केवल उन्हीं लोगों के समक्ष प्रकट करनी होगी जिनको यह जानने की आवश्यकता हो और जिनके पास ऐसी जानकारी हो।

### आपूर्तिकर्ता (सप्लायर) और ठेकेदार

खरीद के निर्णय सप्लायर या ठेकेदार की विश्वसनीयता तथा सत्यनिष्ठा के वस्तुनिष्ठ आकलन पर, तथा प्रस्ताव के समग्र मूल्य पर आधारित होते हैं जिनमें छोटी और लम्बी अवधि के परिणामों और उद्देश्यों पर विचार किया जाता है।

माल और सेवाओं की खरीद गुण, कीमत, गुणवत्ता, प्रदर्शन, प्रदायगी, धारणीय विकास तथा उपयुक्तता पर ही आध ाारित होना एल्स्टॉम के सर्वोत्तम हित में है।

एक खरीदार के तौर पर एल्स्टॉम यह सुनिश्चित करता है कि सप्लायरों और ठेकेदारों पर निर्भरता की कोई स्थिति न बने और इस तरह से वैकल्पिक तथा अधिक अनुकूल विकल्पों की नियमित रूप से खोज की जाती है। सप्लायरों और ठेकेदारों से संबंधों पर, सोर्सिंग और सप्लाई चेन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया लागू होती है और यह सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किए जाते हैं कि सभी सप्लायरों और ठेकेदारों से समानता का व्यवहार किया जाए।

हित संघर्षों तथा पक्षपात की किसी झलक से बचाव के लिए सभी उपाय अवश्य किए जाने चाहिए। एल्स्टॉम के कर्मचारियों के रूप में, आपके द्वारा किन्हीं विशेष सप्लायरों और ठेकेदारों के पक्ष में निर्णय करने के बदले उनसे धन या अन्य किसी रूप में रिश्वत लेना मना है। अपने सप्लायरों और ठेकेदारों से एल्स्टॉम की अपेक्षा है कि वे अपनी गतिविधियों तथा कारोबारी वातावरण से संबंधित सभी कानूनी अपेक्षाओं का कड़ाई से पालन करें।

अपने सप्लायरों और ठेकेदारों से एल्स्टॉम की अपेक्षा है कि वे मानवाधिकारों का पालन, बाल श्रम का प्रतिषेध, कर्मचारी स्वास्थ्य और सुरक्षा तथा नैतिक नियमों, विशेषकर वे जो भ्रष्टाचार–विरोधी तथा प्रतिस्पर्धा अनुपालना, पर्यावरण संरक्षण और समस्त लागू कानूनों और विनियमों के अनुपालन से संबंधित हैं, वाले धारणीय विकास घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करें।

एल्स्टॉम यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाता है कि चयन प्रक्रिया तथा ठेका संपन्न किए जाने के दौरान ये प्रतिबद्धताएं पूरी की जाएं।

LGL-WMS-014 – परामर्शदाता कंपनियां
LGL-WMS-016 – सप्लायरों और ठेकेदारों से भ्रष्टाचार की रोकथाम
SCG-WMS-023 – अप्रत्यक्ष सोर्सिंग–खरीद अनुरोध से खरीद आदेश तक
SCG-WMS-011 – धारणीय विकास प्रक्रिया
SCG-POL-001 – धारणीय सोर्सिंग नीति
SCG-FRM-002 – एल्स्टॉम के सप्लायरों और ठेकेदारों के लिए धारणीय विकास का घोषणापत्र

## सेल्स पार्टनर

सेल्स पार्टनर ऐसी तीसरी पार्टियां हैं जो विशिष्ट कंपनी गतिविधियों के संदर्भ में किसी निर्धारित क्षेत्र में सेल्स और मार्केटिंग के कार्य करती हैं, जो एल्स्टॉम के लिए या इसकी ओर से कार्य कर सकती हैं और जो एल्स्टॉम के संभावित या मौजूदा ग्राहकों या किन्हीं सार्वजनिक या निजी प्राधिकारियों के संपर्क में हो सकती हैं।

एल्स्टॉम, सेल्स पार्टनरों से संबंध के सभी पहलुओं में किसी रिश्वत, सार्वजनिक या निजी, और किन्हीं गैरकानूनी या अनैतिक तौर–तरीकों का निषेध करता है। कोई रिश्वत या गैरकानूनी या अनैतिक तौर–तरीका, एल्स्टॉम की जवाबदारी तय कर सकता है और इसकी प्रतिष्ठा धूमिल कर सकता है।

सार्वजनिक व निजी भ्रष्टाचार रोकने के लिए, सेल्स पार्टनरों का उपयोग नैतिकता तथा अनुपालना विभाग द्वारा सम्यक समीक्षा के आधार पर ही किया जाएगा तथा सेल्स पार्टनरों से किए जाने वाले व्यवहार पर एल्स्टॉम निर्देश में निहित कड़ी आंतरिक प्रक्रियाएं लागू होंगी।

LGL-WMS-020 – सेल्स पार्टनर

## सरकारी प्राप्तिया

सरकार–अधिकृत या सार्वजनिक संस्थाओं से ठेकों में प्रायः बहुत ऊंचे व जटिल मानकों का पालन करने की आवश्यकता होती है। एल्स्टॉम उन सभी कानूनों और विनियमों का पालन करता है जो इसके समस्त प्रचालनों में सरकारों द्वारा माल एवं सेवाओं की प्राप्ति पर लागू होते हैं, जिनमें सरकारी अधिकारियों को प्रभावित करने के प्रयासों का निषेध करने वाले कानून भी शामिल हैं।

सरकारी ठेके के लिए एल्स्टॉम सत्यता तथा शुद्धतापूर्वक निष्पक्षता से प्रतिस्पर्धा करने के लिए, तथा मिलने पर ठेके की तथा कानूनी समस्त अपेक्षाओं के अनुरूप इसे संपन्न करने के लिए प्रतिबद्ध है। जहां सरकारी ठेकों में वर्गीकृत या अन्य प्रकार से प्रतिबंधित जानकारी का कब्ज़े में रखना, उपयोग करना, या उस तक पहुंच शामिल हो, वहां यह अनिवार्य है कि एल्स्टॉम के कर्मचारी उस जानकारी पर लागू सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करें।

## निर्यात नियंत्रण और व्यापार प्रतिबंध

स्थानीय, राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय कानून, विनियम या ऐसी ही अन्य अपेक्षाएं जो माल, सेवाओं, सॉफ्टवेयर या तकनीक पर पोतअधिरोध या अन्य व्यापारिक प्रतिबंध लागू करती हैं, समय–समय पर प्रवर्तित की जाती हैं।

एल्स्टॉम की समस्त कंपनियां अपनी उपस्थिति वाले देशों में ऐसे समस्त निर्यात नियंत्रण कानूनों का (तकनीकी सहायता या प्रशिक्षण से संबंधित कानूनों सहित) कड़ाई से पालन करेंगी। दोहरे उपयोग वाली तकनीकों व उत्पादों जैसे कि कम्पोनेन्ट्स, सॉफ्टवेयर और तकनीकी डेटा के मामलों में विशेष रूप से ध्यान रखा जाएगा, जिनका कि सिविल और सैन्य दोनों क्षेत्रों में उपयोग किया जा सकता है।

म्द मगचवेमत ।सेजवउ मज समे बवससंइवतंजमनते पउचसपुनन्ने ह्न कमे ॅदबजपवदे ॅन्रअध्तमेए दवजंउउमदज अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में शामिल एल्स्टॉम कर्मचारी के रूप में आपको यह अवश्य सुनिश्चित करना होगा कि आपकी गतिविधियां, नवीनतम लागू विनियमों के अनुरूप हों और कानूनी या निविदा एवं परियोजना नियंत्रण विभाग से मार्गदर्शन लें। इन कानूनों व विनियमों का पालन न करने पर एल्स्टॉम तथा संबंधित कर्मचारी के खिलाफ गंभीर दंड लगाए जा सकते हैं, जिसमें भावी निर्यातों से प्रतिबंधित कर दिया जाना तथा आपराधिक कार्रवाई किया जाना शामिल है।

## एंटी–मनी लांड्रिंग

आपराधिक गतिविधियों से प्राप्त धनराशियों के गैरकानूनी स्रोत को छिपाते हुए कब्जे में रखना ही मनी लांड्रिंग है। मनी लांड्रिंग–विरोधी लागू कानूनों के अनुपालन में एल्स्टॉम केवल प्रतिष्ठित साझेदारों के साथ कारोबार करता है और निधियों के स्रोत सदैव सत्यापित किए जाते हैं।

एल्स्टॉम के कर्मचारियों के रूप में, आपको भुगतान किए जाने के तौर–तरीकों के बारे में सदैव सतर्क रहना होगा और जांच करनी होगी कि कोई अनियमितता तो नहीं की जा रही है, और साझेदार के काम–काज में संदेहास्पद व्यवहार की झलक तो नहीं दिख रही है। यदि किसी प्रस्तावित लेन–देन के मामले में कोई भी बात उचित न लग रही हो या लागू कानूनों, विनियमों, या एल्स्टॉम की नीतियों और प्रक्रियाओं का उल्लंघन हो सकता हो, तो अपने डायरेक्ट मैनेजर, कानूनी विभाग, नैतिकता एवं अनुपालना विभाग या वित्त विभाग से बात करें।

## हितों के संघर्ष

आपके व्यावसायिक या निजी जीवन में, आप कुछ भी ऐसा नहीं करेंगे जो एल्स्टॉम में आपकी पेशेवर जिम्मेदारियों से विरोधाभास उत्पन्न कर सकता हो। हितों के संघर्ष निर्णय को विरूपित करते हैं। एल्स्टॉम के कर्मचारी के रूप में, आपको ऐसी किसी परिस्थिति से अवश्य बचाव करना होगा जिसमें आपके (या आपके पारिवारिक सदस्यों या रिश्तेदारों के) निजी हितों तथा एल्स्टॉम के हितों के बीच संघर्ष हो या हो सकता हो। यदि आप हित संघर्ष या संभावित हित संघर्ष की किसी स्थिति का सामना कर रहे हों, तो आपको इस बारे में अपने प्रबंधन को सूचित करना होगा।

खुद को तथा एल्स्टॉम को वास्तविक या संभावित हित संघर्षों से बचाने के लिए, आपको किसी सप्लायर, ग्राहक, प्रतिस्पर्धी, परामर्शदाता कंपनी या किसी बिज़नेस पार्टनर में कोई निवेश करने या धारण करने या सीधी जिम्मेदारियां स्वीकार करने से अवश्य बचाव करना होगा यदि ऐसे निवेश एल्स्टॉम की ओर से लिए जाने वाले किसी कारोबारी फैसले को प्रभावित कर सकते हों या हित संघर्ष की स्थिति उत्पन्न करते हों।

आपको किसी बिज़नेस पार्टनर से, सीधे डील कतई नहीं करनी होगी जो ग्राहक, सप्लायर, सेल्स पार्टनर या कोई अन्य तीसरी पार्टी हो सकता हो, यदि आप या आपके परिवार के किसी सदस्य या रिश्तेदार का ऐसी तीसरी पार्टियों में कोई हित हो।

किसी तीसरी पार्टी से उपहार और आतिथ्य स्वीकार करने के बारे में भी आपको एल्स्टॉम के नियमों का अवश्य पालन करना होगा ताकि संभावित हित संघर्ष की भूमिका न उत्पन्न हो सके।

भूतपूर्व सरकारी कर्मचारी या उसके पारिवारिक सदस्य को नियुक्त करने के मामले में विशेष सावधानी रखी जानी होगी। जैसा उपयुक्त हो, इस बारे में नैतिकता तथा अनुपालना विभाग से समुचित परामर्श के साथ सावधानीपूर्वक समीक्षा करते हुए मानव संसाधन विभाग से मंजूरी लेनी होगी। यद्यपि एल्स्टॉम के कुछ भूतपूर्व सार्वजनिक ग्राहक आंशिक या पूर्ण रूप से निजीकृत रहे हो सकते हैं, लेकिन उन पर भी यही या इनके समान कड़े नियम लागू होंगे।

LGL-WMS-015 – हित संघर्षों का प्रबंधन
HRM-PRO-008 – बाहरी भर्ती प्रक्रिया

## उपहार और आतिथ्यदे

।यह सुनिश्चित करना एल्स्टॉम का ध्येय है कि इसके कर्मचारियों, ग्राहकों या सप्लायरों द्वारा लिए गए कोई कारोबारी फैसले पूरी तरह से समुचित व्यावसायिक माध्यमों द्वारा ही किए जाएं–जो मूलरूप से प्रतिस्पर्धी श्रेष्ठता, प्रदर्शन, तथा प्रस्तावित उत्पादों और तकनीकों की गुणवत्ता पर आधारित हों–और जो किसी भांति निजी अनुचित फायदे या हित संघर्ष से प्रेरित न हों।

कोई उपहार या किसी प्रकार का आतिथ्य किसी प्रकार का फायदा प्राप्त करने के उद्‌देश्य या इरादे से या कारोबारी फैसले के परिणाम को प्रभावित करने के इरादे से नहीं दिया जा सकता है, जिससे कानून का, प्राप्तकर्ता के दायित्वों का, या नैतिकता की संहिता का या एल्स्टॉम के लागू निर्देशों का उल्लंघन होता हो। कोई उपहार प्राप्त करते समय या आतिथ्य से लाभान्वित होते समय भी यही लागू होता है।

एल्स्टॉम के कर्मचारियों के रूप में, आपको एल्स्टॉम से कारोबारी सौदों में शामिल किसी व्यक्ति की ओर से उपहार, धनराशि, ऋण, निमंत्रण, या अन्य किसी प्रकार का विशेष व्यवहार हरगिज प्रस्तावित या स्वीकार नहीं करना होगा या स्वीकार करने के लिए किसी पारिवारिक सदस्य को अधिकृत नहीं करना होगा, यदि उसका अंतिम लक्ष्य कारोबारी फैसलों को प्रभावित करना हो।

LGL-WMS-010 – उपहार और आतिथ्य



# हमारे परिवेश में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका ध ारण करें

एक अच्छे और जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक के तौर पर, एल्स्टॉम अपनी गतिविधियों के प्रभावों के प्रति पूरी तरह से सजग है। यह अपने हितधारकों से निकट समन्वय के साथ पर्यावरणीय, सामाजिक, मानवाधिकारों तथा उपभोक्ताओं के सरोकारों को अपने कारोबारी प्रचालनों में एकीकृत करता है। एल्स्टॉम, अपनी उपस्थिति वाले सभी देषों में ये नीतियां और मानक लागू करता है। एल्स्टॉम के कर्मचारी के रूप में, आपको अपने आचरण द्व ारा इन लक्ष्यों में अवष्य योगदान करना होगा।

## पर्यावरण का संरक्षण

एल्स्टॉम ने अपने द्वारा बेची जाने वाली प्रणालियों, उपकरणों तथा सेवाओं के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में पर्याप्त योगदान करने के लिए अपनी महत्त्वाकांक्षा तय की है और उपाय जुटाए हैं। उत्सर्जनों तथा ग्रीनहाउस गैसों में उल्लेखनीय कमी लाने तथा विरल प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग सीमित करने के लिए तकनीकें और समाधान उपलब्ध कराने पर कंपनी की मूल गतिविधियां केंद्रित हैं। एल्स्टॉम अपने ग्राहकों को तथा अपने समस्त हितधारकों को अपने उत्पादों के पर्यावरणीय प्रभावों के बारे में उपयुक्त जानकारी प्रदान करता है।

इसके अलावा, एल्स्टॉम अपनी उत्पादन, संस्थापन तथा सेवा प्रक्रियाओं को इस तरह से डिज़ाइन करता है कि ऊर्जा की खपत कम से कम हो, खतरनाक उत्पाद समाप्त किए जाएं और उन सामग्रियों के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए जो रिसाइकिल की जा सकती हों। सभी उत्पादन स्थानों तथा कार्यालयों पर, तथा हमारे ग्राहकों के परिसरों में, पर्यावरणीय प्रभाव प्रमुख निर्णयों का अंग है और इसका प्रबंधन पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा (ईएचएस) नीति में निध ारित नियमों के अनुसार किया जाता है।

एल्स्टॉम के कर्मचारियों के रूप में, आप अपनी दैनिक गतिविधियों के माध्यम से इस सामूहिक प्रयास में योगदान करते हैं।

MNS-POL-003 – पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा नीति
EHS-PRO-008 – पर्यावरणीय साइट मूल्यांकन, एस्बेस्टॉस सर्वेक्षण रिपोर्टिंग प्रक्रिया
सीएसआर नीति–दिसम्बर 2013

## सामुदायिक संबंध

एल्स्टॉम के कर्मचारियों के रूप में, आपको आपके स्थानीय समुदाय में स्वयंसेवा करने तथा भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। आपकी पहल पर आप द्वारा खुद की जाने वाली गतिविधियां आपके नाम से तथा आपके अपने समय में की जाएंगी। हित संघर्षों से सावधानीपूर्वक बचाव करना होगा।

सामुदायिक निवेश नीति

## राजनैतिक योगदान और गतिविधियां

स्म राजनैतिक योगदानों पर वे राष्ट्रीय कानून लागू हैं जो एक से दूसरे देश में भिन्न हैं। किसी देश में कानूनन अनुमति होने पर भी, ऐसे योगदान भ्रष्टाचार का स्रोत हो सकते हैं या अन्य प्रकार से संदेहास्पद गतिविधि माने जा सकते हैं। एल्स्टॉम राजनैतिक दलों या संगठनों के लिए या राजनैतिक लोगों हेतु व्यक्तिगत रूप से, एल्स्टॉम की ओर से नकद या किसी अन्य रूप में किन्हीं भी योगदानों का निषेध करता है।

एल्स्टॉम के कर्मचारियों के रूप में, आपके समुदाय में तथा नागरिक मामलों में व्यक्तिगत भागीदारी के आपके अधिकार का एल्स्टॉम सम्मान करता है। यह निजी स्तर पर ही, आपके नाम से, आपके अपने समय में, तथा आपके अपने खर्चे पर ही किया जाना चाहिए जो समस्त लागू कानूनों और विनियमों के अनुरूप हो। निजी राजनैतिक गतिविधियों के लिए कंपनी की स्टेशनरी, निधियों व अन्य संपत्तियों का उपयोग हरगिज नहीं किया जाना चाहिए। आपको अपनी निजी राजनैतिक गतिविधियां, एल्स्टॉम की गतिविधियों से सावधानीपूर्वक अलग रखनी होंगी और हितों के किसी संघर्ष से या संभावित हित संघर्ष से या गैरकानूनी व्यवहार से बचाव करना होगा।

LGL-WMS-011 – राजनैतिक योगदान

## धर्मार्थ योगदान

एल्स्टॉम के नाम से, या इसके वित्तीय संसाधनों का उपयोग करते हुए किए जाने वाले धर्मार्थ योगदान, लागू कानूनों और विनियमों के अनुपालन में होने चाहिए, पूर्व लिखित अनुमति द्वारा अनुमोदित होने चाहिए और समुचित रिकॉर्ड किए जाने चाहिए। आवश्यकतानुसार नैतिकता एवं अनुपालना विभाग से संपर्क किया जा सकता है। योगदान, एल्स्टॉम के प्रचालन वाले समुदाय के लिए सुसंगत होने चाहिए। किन्हीं निर्णयों या की गई कार्रवाईयों के समुचित लिखित रिकॉर्ड आपको अवश्य रखने होंगे।

LGL-WMS-012 – धर्मार्थ योगदान`

## प्रायोजन

प्रायोजन, मार्केटिंग और कम्युनिकेशन कार्यनीति का हिस्सा है। इसकी अनुमति लागू कानूनों और विनियमों की अनुपालना के अधीन, तथा पूरी तरह से एल्स्टॉम निर्देशों के दायरे में ही है।

एल्स्टॉम के कर्मचारियों के रूप में, कंपनी को किसी प्रायोजन से जोड़ने के किसी फैसले पर आप द्वारा अमल कम्युनिकेशन विभाग से पूर्व अनुमति के बाद ही किया जाना चाहिए। आवश्यकतानुसार नैतिकता एवं अनुपालना विभाग से संपर्क किया जा सकता है। किन्हीं निर्णयों या की गई कार्रवाईयों के समुचित लिखित रिकॉर्ड आपको अवश्य रखने होंगे।

LGL-WMS-013 – प्रायोजन

# टीम भावना मज़बूत बनाएं

अंतर्राष्ट्रीय मान्यताप्राप्त मानवाधिकारों के संरक्षण का समर्थन और सम्मान, संयुक्त राष्ट्र सार्वभौमिक मानवाधिकार घोषणा, तथा अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के मूल संधिपत्रों का पूर्ण अनुपालन करना एल्स्टॉम की नीति है। इन सिद्ध ांतों के अनुरूप, एल्स्टॉम ने एक मानव संसाधन नीति लागू की हुई है जो व्यक्तियों से निष्पक्ष व्यवहार तथा उनकी गरिमा, अधिकारों तथा निजी स्वतंत्रताओं का सम्मान करने व कंपनी में उन्हें बढ़ावा देने पर आधारित है। किसी तरह का भेदभाव बर्दाष्त नहीं किया जाएगा। व्यक्तिगत कर्मचारियों, तथा उनके प्रतिनिधियों से एल्स्टॉम सभी प्रकार के संवाद को बढ़ावा देता है।

## मानवाधिकारों का सम्मान करें

मानवाधिकारों तथा श्रम संबंधी कानूनों का पालन करने के लिए एल्स्टॉम विशेष रूप से कटिबद्ध है। उक्त सिद्धांतों के अलावा, मानवाधिकार परिषद द्वारा पृष्ठांकित व्यावसायिक तथा मानवाधिकार निर्देशक सिद्धांतों का पालन करना, तथा अपने प्रचालन वाले क्षेत्रों में अंतर्राष्ट्रीय मान्यताप्राप्त मानवाधिकारों का पालन करना भी एल्स्टॉम की नीति में शामिल है। एल्स्टॉम सभी प्रकार के गैरकानूनी, जबरिया या बंधुआ श्रम, विशेषकर बाल श्रम, के खात्मे का समर्थन करता है। एल्स्टॉम के सप्लायरों और ठेकेदारों के यहां गैरकानूनी, जबरिया या बंधुआ श्रम कड़ाई से प्रतिबंधित है।

## कर्मचारियों से संबंध

एल्स्टॉम, अपने कर्मचारियों द्वारा उनकी इच्छानुसार ट्रेड यूनियनें और कर्मचारियों के संगठन बनाने व उनमें शामिल होने, तथा सामूहिक बातचीत करने के अधिकार का सम्मान करता है। सामाजिक संबंध नीति यह स्वीकार करती है कि भिन्नताएं, कंपनी के लिए सुदृढ़ता का स्रोत हैं। एल्स्टॉम, सामाजिक साझेदारों की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को मान्यता देता है और सामूहिक हित के मसले सुलझाने के लिए उनसे उदारतापूर्वक बातचीत व संवाद करने, उनके अभियान हेतु साधन उपलब्ध कराने, तथा उनको उनकी भूमिका निभाने से न रोकने के लिए प्रतिबद्ध है।

## कर्मचारियों के लिए करियर प्रबंधन

अपनी कर्मचारी प्रबंधन रणनीति के तहत एल्स्टॉम, कर्मचारियों के विकास को प्रोत्साहित करता है।

कर्मचारी प्रबंधन चक्र में कर्मचारियों और प्रबंधकों के बीच आमने–सामने की चर्चाएं शामिल हैं जो न केवल उद्देश्य तय करने तथा उपलब्धियों की समीक्षा करने के लिए हैं, बल्कि कर्मचारियों की करियर संबंधी महत्त्वाकांक्षाओं तथा विकास संबंधी ज़रूरतों का समाधान करना तथा एल्स्टॉम के मूल्यों पर अमल कराना भी इनका उद्देश्य होता है। एल्स्टॉम, कंपनी में सभी स्तरों पर आंतरिक गतिशीलता प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

HRM-PRO-006 – आंतरिक गतिशीलता प्रक्रिया
HRM-PRO-007 – प्रदर्शन प्रबंधन तथा लोगों की समीक्षा

## समान अवसर और विविधता

एल्स्टॉम, किसी भी प्रकार का उत्पीड़न, अत्याचार या धौंस–धमकी वाला व्यवहार सहन नहीं करता है यह चाहे यौन, शारीरिक, मनोवैज्ञानिक या अन्य किसी भी रूप में हो।

विभिन्न पृष्ठभूमियों वाले कर्मचारियों की भर्ती, प्रशिक्षण और व्यक्तिगत विकास, एल्स्टॉम के लिए एक महत्त्वपूर्ण संपत्ति है। कंपनी, ऐसी टीमों का विकास करके इन अंतरों को मान्यता और मूल्य प्रदान करती है जो इसके प्रचालन वाले बाज़ारों व समुदायों को परिलक्षित करती हैं। कंपनी, सभी सुयोग्य कर्मचारियों तथा अभ्यर्थियों को समान अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

एल्स्टॉम के कर्मचारियों के रूप में, आपको उन सभी कानूनों और विनियमों का पालन अवश्य करना होगा जो लागू कानूनों तथा विनियमों द्वारा संरक्षित आयु, नस्ल, लिंग, जातीय मूल, राष्ट्रीयता, धर्म, स्वास्थ्य, निःशक्तता, वैवाहिक स्थिति, यौन प्रवृत्तियों, राजनैतिक या दार्शनिक दृष्टिकोणों, ट्रेड यूनियन की सदस्यता, या अन्य विशेषताओं के आधार पर किए जाने वाले किसी भेदभाव का निषेध करते हों।

यदि आप किसी प्रकार का दुर्व्यवहार देखें या अनुभव करें, तो आप इसकी रिपोर्ट अपने एचआर प्रबंधन को कर सकते हैं। सद्भावनापूर्वक ऐसी रिपोर्ट करने पर आपके खिलाफ कोई प्रतिकूल कार्रवाई नहीं की जाएगी। भर्ती पक्रिया, पूरी तरह से आवेदक की पात्रताओं और कौशलों पर आधारित होगी। पारिश्रमिक का निर्धारण एल्स्टॉम में कर्मचारी के योगदान के आधार पर किया जाएगा।

HRM-POL-005 – रोजगार के समान अवसर तथा विविधता

## स्वास्थ्य और सुरक्षा

एल्स्टॉम, अपने प्रचालन वाली सभी साइटों पर कार्य हेतु एकसमान ऊंचे मानक लागू करते हुए, सुरक्षित तथा स्वास्थ्यप्रद वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। ये मानक, पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा (ईएचएस) नीति में निर्धारित हैं और एल्स्टॉम की साइटों पर या एल्स्टॉम के पर्यवेक्षण वाली ग्राहकों की साइटों पर काम करने वाले कर्मचारियों और ठेकेदारों पर लागू है। उच्च–जोखिम वाली गतिविधियों पर विशेष ध्यान देते हुए दुर्घटनाओं की संख्या घटाकर शून्य करने के लिए विशेष रूप से प्रयास किया गया है। प्रबंधकों तथा कर्मचारियों के गहन प्रशिक्षण द्वारा, और इन मानकों से विचलन के प्रति शून्य सहनशीलता अपनाते हुए इसे समर्थन दिया जाता है।

स्वास्थ्य और सुरक्षा के मुद्दों से संबंधित कोई जोखिम समाप्त करने के उपाय, सभी साइटों पर तथा प्रत्येक परियोजना में पूरी तरह से लागू हैं। ये उपाय, एल्स्टॉम की संबंधित संस्थाओं और समितियों की साझेदारी में लागू किए गए हैं।

MNS-POL-003 – पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा नीति
EHS-PRO-007 – एल्स्टॉम के सुरक्षा संबंधी निर्देश और विचलन से शून्य सहनशीलता की नीति
EHS-PRO-023 – EHS दृरिपोर्टिंग प्रक्रिया और जिम्मेदारियां
EHS-PRO-008 – पर्यावरणीय साइट मूल्यांकन, एस्बेस्टॉस सर्वेक्षण रिपोर्टिंग प्रक्रिया
EHS-PRO-009 – एस्बेसटॉस का खात्मा–संपर्क नियंत्रण और न्यूनीकरणे

## कर्मचारियों की सुरक्षा

एल्स्टॉम, कहीं भी काम करने वाले अपने कर्मचारियों की सुरक्षा हेतु हरसंभव प्रयास करता है। लोगों को जोखिमों के बारे में जागरूक करने के लिए एल्स्टॉम नियमित रूप से निर्देश जारी करता है और अस्थिर राजनैतिक दशाओं या आपराधिक गतिविधियों के दौरान पालन करने के लिए प्रक्रियाएं तय करता है।

एल्स्टॉम के कर्मचारियों के रूप में, आपको इन नियमित रूप से अपडेट किए जाने वाले निर्देशों से अवगत रखना होगा, विशेषकर कारोबारी यात्राओं से संबंधित निर्देशों के बारे में।

SEC-PRO-001 – सुरक्षा संगठन
SEC-WMS-003 – किसी संवेदनशील देश की यात्रा करना या वहां ठहरना

## डेटा गोपनीयता

एल्स्टॉम और इसका प्रत्येक कर्मचारी, व्यक्तियों, कर्मचारियों, या तीसरी पार्टियों से संबंधित सूचनाओं की गोपनीयता और संरक्षण पर लागू कानूनों और विनियमों के बारे में विशेष रूप से अवश्य जागरूक रहेगा और उनका पालन करेगा।

एल्स्टॉम, तीसरी पार्टियों को व्यक्तिगत सूचनाएं नहीं प्रदान करता है, सिवाय उन सूचनाओं के जो लागू कानूनों और विनियमों के अनुसार अनिवार्य और अनुमत हों।

एल्स्टॉम के कर्मचारियों के रूप में, अन्य व्यक्ति के निजी डेटा तक आपकी पहुंच तभी हो सकती है यदि निजी डेटा को संभालना आपके कार्य व जिम्मेदारी के दायरे से सीधे जुड़ा हुआ हो। पहुंच का अधिकार, व्यक्तिगत कार्य और जिम्मेदारी की प्रकृति और दायरे के अनुसार प्रतिबंधित है।



# एल्स्टॉम की संपत्तियों की सुरक्षा करें

एल्स्टॉम की परिसंपत्तियां, न केवल भौतिक या मूर्त वस्तुएं (जैसे कि निधियां, रसदें, पेटेन्टषुदा आवि÷कार, बौद्धिक संपदा या कम्प्यूटर और टेलीफोन नेटवर्क) षामिल हैं; बल्कि इनमें अमूर्त संपत्तियां (जैसे कि विचार, अवधारणाएं या ज्ञान) भी षामिल है जो कर्मचारी, एल्स्टॉम में अपने कार्य के दौरान विकसित करते हैं। इसके अलावा, संपत्तियों में ग्राहकों तथा सप्लायरों की सूचियां और बाज़ार संबंधी अन्य डेटा, तथा ऐसी अन्य जानकारियां भी षामिल हैं जिन तक कर्मचारियों की पहुंच उनके कार्य की जिम्मेदारियां पूरी करने के दौरान हुई हो।

एल्स्टॉम के कर्मचारियों के रूप में, आपको कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा के लिए अपनी ओर से हर संभव प्रयास करने चाहिए। एल्स्टॉम की निधियों और संपत्तियों का उपयोग गैरकानूनी प्रयोजनों से, या ऐसे उद्‌देष्यों से नहीं किया जा सकता है जो एल्स्टॉम की गतिविधियों से संबंधित नहीं हों।

आपको एल्स्टॉम की कोई परिसंपत्तियां एल्स्टॉम के बजाय अपने निजी उपयोग में नहीं लेना चाहिए, या दूसरों को अन्य प्रकार से उपयोग के लिए हरगिज नहीं देना चाहिए। आप निजी व्यवसाय या निजी लाभ के लिए एल्स्टॉम की संपत्तियों का उपयोग हरगिज नहीं कर सकते हैं, न ही आप किसी अन्य ऐसे व्यक्ति को उसके उपयोग की अनुमति दे सकते हैं जो एल्स्टॉम द्वारा नियुक्त व उनका उपयोग करने के लिए अधिकृत न हो। इन संपत्तियों का दुरूपयोग या चोरी करने पर दंड लगाए जा सकते हैं और कानून का उल्लंघन हो सकता है जिससे सिविल कार्रवाई तथा आपराधिक अभियोजन की कार्रवाई हो सकती है।

## संचार के साधन

संचार के साधन–ईमेल, वॉयसमेल, इंटरनेट, टेलीफोन (मोबाइल फोन सहित), तथा संचार के अन्य साधन–एल्स्टॉम की संपत्ति हैं और केवल पेशेवर उद्‌देश्यों से उपयोग करने के लिए हैं। एल्स्टॉम की सूचना प्रणालियों से जुड़े निजी उपकरणों के मामले में, उपयोक्ता के निजी उपकरण में संचित पेशेवर डेटा का कानूनी मालिकाना हक एल्स्टॉम का रहेगा। उपयोक्ता द्वारा एल्स्टॉम छोड़ते समय, पेशेवर डेटा को एल्स्टॉम की डिवाइस से मिटा दिया जाएगा।

संचार के साधनों का उपयोग, इस मान्यता पर आधारित है कि निजी और कारोबारी जीवन परस्पर घनिष्ठ संबंधित हैं और इन दोनों के बीच सही संतुलन, एल्स्टॉम तथा इसके कर्मचारियों के लिए लाभप्रद है। हालांकि ऐसा उपयोग परिस्थितियों के अनुसार तर्कसंगत तथा अनिवार्य स्तर तक ही सीमित रहना चाहिए।



## गोपनीय जानकारी की सुरक्षा

एल्स्टॉम के कर्मचारियों के रूप में आपके कर्तव्यों के निर्वाहन के दौरान, एल्स्टॉम की व्यावसायिक गतिविधियों से संबंधित गोपनीय और अधिकृत डेटा तक आपकी पहुंच हो सकती है, जिसमें ग्राहकों और सप्लायरों के बारे में जानकारी भी शामिल है। पहुंच का अधिकार, व्यक्तिगत कार्य और जिम्मेदारी की प्रकृति और दायरे के अनुसार प्रतिबंधित है। इसके अलावा, यदि आपके पास गोपनीय या अधिकृत जानकारी हो, तो आपको ऐसी जानकारी को कतई गोपनीय ही रखना होगा और केवल अधिकृत प्रयोजनों से ही इसका उपयोग करना होगा। ऐसी जानकारी के संदर्भ में आपकी जिम्मेदारियां, आपकी रोजगार अवधि के बाद भी जारी रहेंगी।

गोपनीय जानकारियों के उदाहरणों में अन्य के अलावा, परिणाम, पूर्वानुमान तथा अन्य वित्तीय डेटा, मानव संसाधन तथा व्यक्तिगत डेटा, अधिग्रहणों तथा विनिवेशों, नए उत्पादों और आदेशों से संबंधित सूचनाएं आदि शामिल हैं।

अधिकृत जानकारियों के उदाहरणों में अन्य के अलावा, कारोबारी कार्यनीतियां, उत्पाद सुधार, तकनीकी जानकारी, प्रणालियां, आविष्कार, व्यापारिक रहस्य या एल्स्टॉम द्वारा विकसित या अर्जित ज्ञान आदि शामिल हैं।

परिभाषाओं में गुप्त सामग्रियां तथा अ–प्रकटीकरण अनुबंध शामिल हैं।

अपने कर्तव्यों के निर्वाह के दौरान आप अक्सर जालसाजीपूर्वक (मुद्रा, गोपनीय जानकारी) प्राप्त करने के प्रयासों का अनुभव कर सकते हैं। यदि आपको दुविधा हो कि आप गोपनीय जानकारी को समुचित प्रकट कर सकते हैं या नहीं या अपने पास मौजूद जानकारी पर कार्रवाई कर सकते हैं या नहीं, तो प्रक्रिया जानने के लिए सुरक्षा निर्देश/डेटा संरक्षण अध्याय देखें और अपने मैनेजर से मार्गदर्शन प्राप्त करें।

डेटा संरक्षण के स्वर्णिम नियम
यात्राओं के दौरान डेटा संरक्षण
मुद्रा तथा/या सूचनाएं हथियाना

## बौद्धिक संपदा

एल्स्टॉम के बौद्धिक संपदा अधिकार जिनमें अन्य के अलावा, पेटेन्ट, आविष्कारों में अधिकार, डिज़ाइनों में अधिकार, व्यापारिक चिन्ह, व्यापारिक व व्यावसायिक नाम तथा समस्त संबंधित प्रतिष्ठा, प्रकटीकरण या अनुचित प्रतिस्पर्धा पर दावा करने का अधिकार, कॉपीराइट, नैतिक अधिकार और संबंधित अधिकार, डेटाबेसों में अधिकार, डोमेन नाम, सूचनाओं में अधिकार (ज्ञान तथा व्यापारिक रहस्य इनमें शामिल हैं) तथा ऐसे ही या समकक्ष अन्य अधिकार शामिल हैं, अभी या भविष्य में विश्व के प्रत्येक भाग में मौजूद रहेंगे, प्रत्येक मामले में, चाहे ये पंजीकृत हों या अपंजीकृत हों और ऐसे अधिकारों की पूरी अवधि के लिए समस्त आवेदन तथा उनके नवीनीकरण या विस्तार, इसकी सर्वाधिक मूल्यवान संपत्तियों में से हैं और अतएव यथासंभव कानूनन संरक्षित हैं।

एल्स्टॉम के कर्मचारियों के रूप में इन परिसंपत्तियों की सुरक्षा करना आपका कर्तव्य है। एल्स्टॉम यह सुनिश्चित करता है कि दूसरों के बौद्धिक संपदा संबंधी वैध अधिकारों का सम्मान किया जाए और इसके कर्मचारियों द्वारा उनका उल्लंघन न किया जाए।

IPD-WMS-006 – ट्रेडमार्क सुरक्षा और प्रबंधने



## भेदिया व्यापार

सामान्य कामकाज के दौरान एल्स्टॉम के कर्मचारियों के रूप में आपकी पहुंच ऐसी जानकारी तक हो सकती है जो शेयरों, ऑप्शनों या अन्य प्रतिभूतियों के मूल्य को प्रभावित कर सकती है। इस पर अनेक न्यायक्षेत्रों के प्रतिभूति संबंध ी कानून व विनियम लागू हैं जो सूचनाओं के उपयोग व सार्वजनिक प्रकटीकरण को विनियमित करते हैं।

ऐसी सूचनाएं जो एल्स्टॉम के शेयरों, ऑप्शनों, या अन्य प्रतिभूतियों के मूल्य को प्रभावित कर सकती हों, वे भेदिया सूचनाएं मानी जाती हैं और कंपनी द्वारा सार्वजनिक रूप से इन्हें घोषित किए जाने से पहले तक हर हालत में गोपनीय बनाए रखा जाना चाहिए। निजी लाभ के लिए ऐसी जानकारी पर कार्य करना या अधिकृत रूप से जारी किए जाने से पहले इससे किसी अन्य को अवगत कराना, प्रतिभूति संबंधी कानूनों का उल्लंघन तथा एल्स्टॉम की नीति का उल्लंघन हो सकता है। ऐसे उल्लंघनों पर गंभीर दंड लगाए जाते हैं जिनमें जुर्माने व कारावास भी शामिल हो सकते हैं।

यह नियम ग्राहकों, सप्लायरों तथा किसी बिज़नेस पार्टनर, जो किसी शेयर बाज़ार में सूचीबद्ध हो, सहित अन्य कंपनियों से संबंधित गोपनीय सूचनाओं पर भी लागू होगा यदि आपके पास उस कंपनी के बारे में असार्वजनिक सूचना मौजूद है।

LGL-WMS-008 – प्देपकमत क्मंसपदहे

## विश्लेषकों तथा/या निवेशकों से बातचीत

निवेशक संबंध विभाग, विश्लेषकों तथा निवेशकों से समस्त वित्तीय बातचीत करने के लिए जिम्मेदार है। एल्स्टॉम के बारे में सूचनाओं के लिए किसी विश्लेषक या निवेशक की ओर से प्राप्त अनुरोध निवेशक संबंध विभाग को अग्रेषित किया जाना चाहिए, जो उस मामले को संभालेगा।

एल्स्टॉम के किसी कर्मचारी को निवेशकों की उपस्थिति वाले किसी कार्यक्रम या बैठक में भागीदारी हेतु आमंत्रित किए जाने पर, वह इस बारे में निवेशक संबंध विभाग को लिखित में अवश्य बताएगा और निमंत्रण स्वीकार करने से पहले इसकी पूर्व लिखित अनुमति प्राप्त करेगा।

## मीडिया से बातचीत


एल्स्टॉम, ग्राहकों, ओपिनियन लीडरों (प्रमुख विचारकों), विश्लेषकों, निवेशकों, जनता, तथा हितधारकों के बीच अपनी छवि सुदृढ़ बनाने के लिए सक्रिय संवाद विकसित करता है। एल्स्टॉम एक सार्वजनिक सूचीबद्ध कंपनी है और मीडिया या विश्लेषकों से कोई बातचीत, एल्स्टॉम की छवि या प्रतिष्ठा को प्रभावित कर सकती है और इसकी सावधानपूर्वक समीक्षा तथा नियंत्रण अवश्य किया जाना चाहिए।

मीडिया संबंध, संचार विभाग की जिम्मेदारी हैं। मीडिया में दिए जाने वाले सभी वक्तव्य, या मीडिया की ओर से की गई पूछताछ के जवाब पूरी तरह से केवल संचार विभाग द्वारा ही किए जाने चाहिए या इसके समन्वय से किए जाने चाहिए।

## सोशल नेटवर्कों का उपयोग

एल्स्टॉम के कर्मचारियों के रूप में, आप बाहरी तथा आंतरिक सोशल नेटवर्कों का उपयोग पूरी तरह सतर्कता बनाए रखकर ही करेंगे, चाहे आप ऐसा निजी स्तर पर ही क्यों न कर रहे हों। आपको ऐसे संदेशों के आदान–प्रदान से अवश्य बचाव करना होगा जो गोपनीय और अधिकृत सूचनाएं माने जाते हैं या जो व्यक्तियों या कंपनियों के लिए अपमानजनक, शर्मनाक या अप्रतिष्ठित करने वाले प्रतीत हो सकते हों। इसके अलावा, व्यक्तियों या समूहों के चित्र पोस्ट करने से संबंधित सभी मामलों में आप डेटा गोपनीयता विनियमों का पालन अवश्य करेंगे।

COM-WMS-013 – एल्स्टॉम के बारे में संवाद के लिए सोशल मीडिया माध्यमों का उपयोग


एल्स्टॉम – नैतिकता की संहिता 2016. © एल्स्टॉम SA, 2016. सर्वाधिकार सुरक्षित। एल्स्टॉम, एल्स्टॉम लोगो, सभी वैकल्पिक संस्करण तथा एल्स्टॉम की परिवहन गतिविधियों के समस्त उल्लेखित ट्रेडमार्क, एल्स्टॉम एसए या एल्स्टॉम ट्रांसपोर्ट टेक्नोलॉजीज़ के ब्रांड और ट्रेडमार्क हैं। उल्लेखित अन्य नाम जो रजिस्टर्ड हों या नहीं, अपने संबंधित धारकों के हैं। इस दस्तावेज़ में प्रस्तुत तकनीकी व अन्य प्रकार का डेटा, केवल सूचना के उद्देश्य से दिया गया है। किसी भी समय पर तथा बिना किसी पूर्व सूचना के इस डेटा पर पुनर्विचार करने या इसे बदलने का अधिकार एल्स्टॉम के पास सुरक्षित है। कॉपीराइट रजिस्ट्रेषनः प्रथम तिमाही, 2016. इस अंक में प्रकाषित आलेख और चित्र, पूर्व लिखित अनुमति के बिना पुनरुत्पादित नहीं किए जा सकते हैं। डिज़ाइन–प्रोडक्षनः जउचूवतसकूपकमण फोटो सौजन्यरू फोटोग्रॉफ्सरू © एल्स्टॉम /E.Lamperti, TOMA/C.Sasso/P. de सालबर्ट - TOMA/C.Sasso - अर्नाड फेवरियर . न्ज्ञ पावर कम्युनिकेषंस- TOMA/C.Sasso - S.Dhote - बर्न्ड रोजेनथल- P. de सालबर्ट, TOMA/C. Sasso, TOMA/F. क्रिस्टोफोराइड्स

एल्स्टॉम **(Alstom)**
48, rue Albert-Dhalenne
93482 Saint-Ouen Cedex
फोनरू + 33 1 57 06 90 00
फैक्सरू + 33 1 57 06 96 66

**www.alstom.com**